NBT PAGE 3

एलयू : स्नातक प्रवेश परीक्षा आज से

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू में स्नातक की 4000 से अधिक सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। पहले दिन बैचलर इन वोकेशनल स्टडीज (बीवोक) और बैचलर इन जर्नलिज्म ऐंड मास कम्युनिकेशन (बीजेएमसी) की परीक्षा होगी। परीक्षाएं 31 अगस्त तक चलेंगी और सितंबर के दूसरे हफ्ते में परिणाम आने की उम्मीद है। बीवोक के लिए परीक्षा पहली पाली में सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली में बीजेएमसी की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 4:30 बजे तक होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पूरा पालन करवाया जाएगा। अभ्यर्थियों को गैर-पारदर्शी पानी की बोतल, गैजेट, फोन, बैग लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षाएं पुराने परिसर में होंगी और गेट नंबर दो और चार से प्रवेश मिलेगा।

एलयू : बीएड और बीपीएड की सेमेस्टर परीक्षा आज और 27 को

■ एनबीटी, लखनऊ: सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अपने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। 23 अगस्त को होने वाली बीएड, बीपीएड, एमए इन एचसीवाईसी और पीजी डिप्लोमा इन योगा की सेमेस्टर परीक्षा का नया शेड्यूल जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीएड छठे सेमेस्टर की परीक्षा 24 अगस्त को होगी। वहीं, बीपीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा 27 अगस्त को होगी। उन्होंने बताया कि एमए इन एचसीवाईसी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 29 अगस्त और पीजी डिप्लोमा इन योगा के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा भी 29 अगस्त को रीशेड्यूल कर दी गई है। जबकि सर्टिफिकेट इन योगा के दूसरे प्रश्नपत्र की परीक्षा 24 अगस्त की बजाय 28 अगस्त को होगी। परीक्षाओं के सेंटर और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसी तरह 23 को स्थगित पीएचडी प्रवेश परीक्षा भी 29 अगस्त को होगी।

HINDUSTAN PAGE 6

न्यू लॉ बिल्डिंग में पहले दिन दो पालियों में परीक्षा, 48 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे

एलयू स्नातक प्रवेश परीक्षा आज से

मिशन एग्जाम

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा 2021-22 मंगलवार से शुरू रही है। 24 से 31 अगस्त तक होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए 48022 आवेदन आए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि स्नातक परीक्षा के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को मास्क के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो छायाप्रति और एक पहचान पत्र साथ लाना होगा। स्नातक प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली के आधार होगी।

परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक मिलेंगे। दो पाली में होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए पहले दिन बीवोक और बीजेएमसी में प्रवेश परीक्षा होगी। बीवोक और बीजेएमसी प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैम्पस के न्यू लॉ बिल्डिंग को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। पहली 11 से 12.30 बजे तक बी-वोक और दूसरी पाली अपरान्ह तीन बजे से साढ़े चार बजे तक बीजेएमसी की परीक्षा होगी।

विषयों के चयन का विकल्प

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 से नई शिक्षा नीति को स्नातक में लागू करने की घोषणा कर दी है। इसी के तहत प्रवेश लिए जाएंगे। नई शिक्षा नीति लागू होने से अब स्नातक तीन की जगह चार वर्ष का होगा। बीए और बीएससी के पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के विषय आवंटन पर भी निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों को दो मुख्य और एक माइनर विषय का आंवटन उनकी पसंद एवं मेरिट से लिया जाएगा।

पीईटी आज राजधानी के 57 केंद्रों पर

राजधानी के 57 परीक्षा केन्द्रों पर मंगलवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) होगी। करीब 41907 अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए 18 सेक्टर और 57 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। यूपीएसएससी पीईटी पहली बार करा रहा है। एडीएम (आपूर्ति) और परीक्षा के नोडल अधिकारी डॉ आरडी पांडे ने बताया कि सभी केन्द्रों के हर कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। सेंटरों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। अभ्यर्थियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 और दूसरी दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी।

कई परीक्षाओं की तारीख बदली विश्वविद्यालय ने

एलयू में अन्तिम सेमेस्टर की कई परीक्षाओं की तिथियों में राजकीय शोक की वजह से संशोधन किया गया है। 23 अगस्त की बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा अब 24 अगस्त को होगी। 23 अगस्त को बीपीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 27 अगस्त, एमए इन एचसीवाईसी चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न पत्र की 29 अगस्त, पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 29 अगस्त को होगी। 24 अगस्त को प्रस्तावित सर्टिफिकेट इन योगा का द्वितीय प्रश्न 28 अगस्त को होगा।

परीक्षा कार्यक्रम

- 24 अगस्त : सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीवोक, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीजेएमसी।
- 25 अगस्त : सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीएलएड, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीएससी मैथ्स।
- 26 अगस्त : सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीएससी एग्रीकल्चर, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीएससी बायो।
- 27 अगस्त : सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक बीबीए, बीबीए टूरिज्म। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक एलएलबी आनर्स इंटीग्रेटेड।
- 28 अगस्त : सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे बीसीए। दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीए।
- 31 अगस्त : सुबह 11 से 12.30 तक बीवीए/बीएफए। दोपहर तीन से शाम 4.30 तक बीकाम।

पीजी परीक्षा की तारीख जल्द

एलयू पीजी प्रवेश परीक्षा के आवेदन आ चुके हैं लेकिन अभी तक तिथियां नहीं घोषित की गई हैं। जल्द ही तारीखें घोषित हो सकती हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 24 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। विवि प्रशासन ने एडमिट कार्ड पहले ही जारी कर दिए हैं। साथ ही विस्तृत दिशा-निर्देश विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत प्रवेश परीक्षा होगी। पहले दिन सुबह की पाली 11 से 12:30 बजे तक बीवोक और शाम 3 से 4:30 बजे तक बीजेएमसी के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। गलत उत्तर पर निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

पीएचडी प्रवेश परीक्षा समेत कई परीक्षाओं की तिथियां बदलीं

लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर प्रदेश सरकार द्वारा 23 अगस्त को घोषित सार्वजनिक अवकाश के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया है। विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 23 अगस्त को होने वाली पीएचडी की प्रवेश परीक्षा अब 29 अगस्त को पूर्वनिर्धारित व्यवस्था के अनुसार होगी। वहीं, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना ने बताया कि 23 अगस्त को प्रस्तावित बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा अब 24 को, बीपीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अब 27 को, एमए इन एचसीवाईसी चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 29 को, पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 29 को और 24 को प्रस्तावित सर्टिफिकेट इन योगा द्वितीय प्रश्नपत्र 28 अगस्त को होगी। परीक्षा का समय व स्थान पूर्व की भांति ही रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE I

23 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 29 को

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर घोषित सार्वजनिक अवकाश से बदली तिथि

जासं, लखनऊ : राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर 23 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसलिए लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने 23 अगस्त प्रस्तावित रही पीएचडी प्रवेश परीक्षा सहित सभी सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर नई तिथि जारी कर दी। अब पीएचडी प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त को अपने पूर्व निर्धारित समय और केंद्र पर आयोजित की जाएगी। शेष सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 23 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे पाली में हिंदी, अप्लाइड इकोनामिक्स, एंथ्रोपोलाजी, पर्शियन, मेडिवेल एंड माडर्न हिस्ट्री, सांख्यिकी, जूलाजी और केमेस्ट्री विषय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा होनी थी। वहीं, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे की पाली में अंग्रेजी, एजुकेशन, इकोनामिक्स, कम्प्यूटर साइंस, बायो केमेस्ट्री, फिजिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर, उर्दू और मैथमेटिक्स विषय की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी थी। अब यह प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त को होगी।

ये है संशोधित शेड्यूल		
कक्षा	वर्ष/ सेमेस्टर	नई तिथि
बीए	छठा सेमेस्टर	24 अगस्त
बीपीएड	प्रथम सेमेस्टर (सीसी 103)	27 अगस्त
एमए इन एचसीवाईसी	चौथा सेमेस्टर (द्वितीय प्रश्नपत्र)	29 अगस्त
पीजी डिप्लोमा इन योग	द्वितीय सेमेस्टर (द्वितीय प्रश्नपत्र)	29 अगस्त
सर्टिफिकेट इन योग	द्वितीय प्रश्नपत्र	28 अगस्त

डिप्लोमा और सेमेस्टर परीक्षाओं का नया कार्यक्रम किया घोषित

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड शेड्यूल के अनुसार 23 अगस्त को एमए इन ह्यूमन कांशसनेस एंड यौगिक साइंससेज चौथे सेमेस्टर में पर्सनालिटी डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन योगा सेमेस्टर दो में हेल्थ एंड डिजीज, बीए, बीपीएड, सर्टिफिकेट इन योगा की परीक्षाएं होनी थीं, लेकिन इन्हें भी स्थगित करते हुए नई तिथि घोषित कर दी गई है।

बैठक आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को प्रस्तावित एकेडमिक काउंसिल की बैठक राजकीय अवकाश घोषित की वजह से स्थगित कर दी गई। अब बैठक मंगलवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इसमें चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम पर अनुमोदन दिया जाएगा। इसके अलावा चार नए जिलों के कालेजों में चलने वाले पाठ्यक्रमों को लखनऊ विश्वविद्यालय में चलाए जाने पर भी प्रस्ताव रखा जाएगा। (जासं)

स्नातक की प्रवेश परीक्षाएं आज से

लवि में स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों (स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल और बीएलएड) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 24 से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के नए और पुराने दोनों परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक बीवोक और दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीजेएमसी विषय के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। अवधि 90 मिनट की होगी। 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। स्नातक प्रवेश परीक्षा में 44,252 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

ये दस्तावेज लेकर आएं

अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र की दो फोटोकापी और उस पर पासपोर्ट आकार की फोटो चस्पा करके ले जानी होगी। कक्ष निरीक्षक को प्रवेशपत्र की एक फोटोकापी देनी होगी। इसके साथ ही दो नीले और काले बालपेन, पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से कोई एक चीज भी लानी होगी।

ईडब्ल्यूएस अनिवार्य

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा के आवेदन में आरक्षण (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), भारण अथवा दोनों होने की जानकारी दी है। उन्हें प्रवेश परीक्षा के दिन उसका मूल प्रमाणपत्र तथा सभी प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि भी साथ लानी होगी। बिना इन प्रमाणपत्रों के अभ्यर्थी को आरक्षण या भारण का लाभ नहीं दिया जाएगा।

i-NEXT PAGE 2

23 को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा अब 29 को

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर अवकाश की वजह से बदली तिथि

LUCKNOW (23 Aug): राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर 23 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है. इसलिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने 23 अगस्त प्रस्तावित रही पीएचडी प्रवेश परीक्षा सहित सभी सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर नई तिथि जारी कर दी. अब पीएचडी प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त को अपने पूर्व निर्धारित समय और केंद्र पर आयोजित की जाएगी. शेष सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है. विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 23 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे पाली में हिंदी, अप्लाइड इकोनामिक्स, एंथ्रोपोलाजी, पर्शियन, मेडिवेल एंड माडर्न हिस्ट्री, सांख्यिकी, जूलाजी और केमेस्ट्री विषय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा होनी थी. वहीं, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे की पाली में अंग्रेजी, एजुकेशन, इकोनामिक्स, कम्प्यूटर साइंस, बायो केमेस्ट्री, फिजिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर, उर्दू और मैथमेटिक्स विषय की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी थी. अब यह प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त को होगी. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड शेड्यूल के अनुसार 23 अगस्त को एमए इन ह्यूमन कांशसनेस एंड यौगिक साइंससेज चौथे सेमेस्टर में पर्सनालिटी डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन योगा सेमेस्टर दो में हेल्थ एंड डिजीज, बीए, बीपीएड, सर्टिफिकेट इन योगा की परीक्षाएं होनी थीं.

ये है संशोधित शेड्यूल		
कक्षा	वर्ष/ सेमेस्टर	नई तिथि
बीए	छठा सेमेस्टर	24 अगस्त
बीपीएड	प्रथम सेमेस्टर (सीसी 103)	27 अगस्त
एमए इन एचसीवाईसी	चौथा सेमेस्टर (द्वितीय प्रश्नपत्र)	29 अगस्त
पीजी डिप्लोमा इन योग	द्वितीय सेमेस्टर (द्वितीय प्रश्नपत्र)	29 अगस्त
सर्टिफिकेट इन योग	द्वितीय प्रश्नपत्र	28 अगस्त

कोविड प्रोटोकाल के अनुसार दो पालियों में होंगी परीक्षाएं

स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आज से

LUCKNOW (23 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों (स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल और बीएलएड) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 24 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेंगी. इसके लिए विश्वविद्यालय के नए और पुराने दोनों परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए अभ्यर्थियों का प्रवेशपत्र देखकर एंट्री दी जाएगी. विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक बीवोक और दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक बीजेएमसी विषय के लिए प्रवेश परीक्षा होगी. अवधि 90 मिनट की होगी. 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे. प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा. इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. स्नातक प्रवेश परीक्षा में 44,252 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है.

ये दस्तावेज लेकर आने होंगे

अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र की दो फोटोकापी और उस पर पासपोर्ट आकार की फोटो चस्पा करके ले जानी होगी. कक्ष निरीक्षक को प्रवेशपत्र की एक फोटोकापी देनी होगी. इसके साथ ही दो नीले और काले बालपेन, पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से कोई एक चीज भी लानी होगी.

ईडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट अनिवार्य

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा के आवेदन में आरक्षण (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), भारण अथवा दोनों होने की जानकारी दी है. उन्हें प्रवेश परीक्षा के दिन उसका मूल प्रमाणपत्र तथा सभी प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि भी साथ लानी होगी. बिना इन प्रमाणपत्रों के अभ्यर्थी को आरक्षण या भारण का लाभ नहीं दिया जाएगा.

PIONEER PAGE 3

एलयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा अब 29 को

लखनऊ। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन के चलते प्रदेश में घोषित तीन के राजकीय शोक के चलते सोमवार को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा को विवि प्रशासन ने स्थगित कर दिया है। अब यह परीक्षा 29 अगस्त को होगी। विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2021-22 दो चरणों में 21 और 23 अगस्त को होनी थी। 21 अगस्त की परीक्षा अपने तय समय पर हो चुकी है अब 23 अगस्त की परीक्षा शेष थी। जिसे राजकीय शोक की वजह से स्थगित कर 29 अगस्त को कराई जाएगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 11 से 12.30 एवं दोपहर तीन से साढ़े चार बजे तक होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर के न्यू कॉमर्स ब्लॉक एवं पीजी ब्लॉक को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

9000 सीटों के लिए रिकार्ड 73084 आवेदन

लविवि में आज से शुरू होने वाली परीक्षा 31 अगस्त तक चलेगी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा मंगलवार से शुरू होंगी, जो 31 अगस्त तक चलेंगी। इन परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए लविवि के पुराने व नए दोनों परिसरों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए प्रवेश पत्र देखकर एंट्री दी जाएगी।

ज्ञात हो लविवि में लगभग नौ हजार सीटों पर होने वाले दाखिलों के लिए इस वार 73,084 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। इनमें 44,252 आवेदन स्नातक स्तर के तथा 19,367 आवेदन पत्र स्नातकोत्तर स्तर के शामलि हैं। पहले दिन सोमवार को प्रथम पाली में अपराह्न 11 वजे से दोपहर 12.30 वजे तक वीओक पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा तथा द्वितीय पाली में अपराह्न तीन वजे से 4.30 वजे तक वीजेएमसी विषय की प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी तथा परीक्षा में सौ वहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा, जिसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र, समय व तिथि अंकित है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो फोटो कापी और उस पर पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा करके लानी होगी। कक्ष निरीक्षक को प्रवेश पत्र की एक फोटो कापी देनी होगी। इसके साथ ही दो नीले काले पेन, पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसें या पासपोर्ट में से कोई एक लाना होगा। विना इन दस्तावेजों के प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को मास्क व सेनेटाइजर स्वयं लाना होगा। इसके अतिरिक्त प्रवेश पत्र को काउंसिलिंग के लिए भी सुरक्षित रखना होगा। इसी प्रकार ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा के आवेदन में आरक्षण (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), भारण या दोनों होने की जानकारी दी है, उन्हें प्रवेश परीक्षा के दिन उसका मूल प्रमाण पत्र तथरा सभी प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि भी साथ लानी होगी। इन प्रमाण पत्रों के विना अभ्यर्थी को आरक्षण या भारण का लाभ नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा में कोविड-19 प्रोटोकाल का होगा पालन

अब 29 अगस्त को होगी सोमवार को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा : पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इसके चलते 23 अगस्त को होने वाली लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2021-22 को स्थगित कर दिया गया है। अव यह परीक्षा 29 अगस्त को होगी। परीक्षा का आयोजन लविवि में वनाए गए दो परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में किया जाएगा। ज्ञात हो लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2021-22 दो चरणों में 21 व 23 अगस्त को होनी थी। 21 अगस्त को होने वाली परीक्षा अपने निर्धारित समय पर पूरी हो चुकी है तथा 23 अगस्त को होनी वाली प्रवेश परीक्षा वाकी थी। 23 अगस्त को होने वाली इस परीक्षा को राजकीय शोक के कारण स्थगित कर दिया गया है, इस परीक्षा को अव 29 अगस्त को संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में पूर्वाह्न 11 वजे से दोपहर 12.30 वजे तक तथा अपराह्न तीन वजे से साढ़े चार वजे तक होगी। परीक्षा संपन्न कराने के लिए लखनऊ विश्वविद्याल परिसर के न्यू कॉमर्स व्लॉक तथा पीजी व्लाक को परीक्षा केन्द्र वनाया गया है। 29 अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 1900 अभ्यर्थी पंजीकृत है, जो विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा देंगे।

बदली गयी बीए व एमए सहित कई परीक्षाओं की तिथियां : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को ऑफलाइन आयोजित होने वाली कई विषयों की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथियां पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन के कारण घोषित किए गए राजकीय शोक के चलते वदल दी गयी हैं। इसके तहत सोमवार को होने वाली वीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा अव 24 अगस्त को ही।

इसी तरह सोमवार को होने वाली वीपीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 27 अगस्त को, एमए इन एचसीवाईसी चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 29 अगस्त को तथा पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा अव 29 अगस्त को होगा। इसके अतिरिक्त 24 अगस्त को प्रस्तावित सर्टिफिकेट इन योगा का द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 28 अगस्त को होगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

आयोजन | एलयू की स्नातक प्रवेश परीक्षा-2021-22 तैयारियां आज से

48 हजार अभ्यर्थी देंगे स्नातक प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा 2021-22 मंगलवार से शुरू रही है। 24 से 31 अगस्त तक होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए 48022 आवेदन आए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रोण पंकज माथुर ने बताया कि स्नातक परीक्षा के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को मास्क के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो छायाप्रति और एक पहचान पत्र साथ लाना होगा। स्नातक प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली के आधार होगी।

परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक मिलेंगे। दो पाली में होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए पहले दिन बीवोक और बीजेएमसी में प्रवेश परीक्षा होगी। बीवोक और बीजेएमसी प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय

ओल्ड कैम्पस के न्यू लॉ बिल्डिंग को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। पहली 11 से 12:30 बजे तक बी.वोक और दूसरी पाली अपरान्ह तीन बजे से साढ़े चार बजे तक बीजेएमसी की परीक्षा होगी।

जल्द जारी होगी पीजी परीक्षा की तारीख : लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश परीक्षा के आवेदन आ चुके हैं लेकिन अभी तक तिथियां नहीं घोषित की गई हैं। स्नातक प्रवेश परीक्षा के बाद पीजी प्रवेश परीक्षा तय है। जल्द ही तारीखें घोषित हो सकती हैं। पीजी के लिए 24397 आवेदन आए हैं।

विषयों के चयन का विकल्प : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021.22 से नई शिक्षा नीति को स्नातक में लागू करने की घोषणा कर दी है। इसी के तहत प्रवेश लिए जाएंगे। नई शिक्षा नीति लागू होने से अब स्नातक तीन की जगह चार वर्ष का होगा। बीए और बीएससी के पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के विषय आवंटन पर भी निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों को दो मुख्य और एक माइनर विषय का आंवटन उनकी पसंद एवं मेरिट से लिया जाएगा।

स्नातक प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम

- 24 अगस्त- सुबह 11 से 12:30 बजे तक बीवोक, दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक बीजेएमसी।
- 25 अगस्त - सुबह 11 से 12:30 बजे तक बीएलएडए दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक बीएससी मैथ्स।
- 26 अगस्त- सुबह 11 से 12:30 बजे तक बीएससी एग्रीकल्चर, दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक बीएससी बायो।
- 27 अगस्त - सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक बीबीएए बीबीए टूरिज्म। दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक एलएलबी आनर्स इंटीग्रेटेड।
- 28 अगस्त- सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे बीसीए। दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक बीए।
- 31 अगस्त- सुबह 11 से 12:30 बजे तक बीवीए-बीएफए। दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक बीकाम।

TIMES OF INDIA PAGE 3

Race to varsity's UG courses begins today

4,000-Plus Seats: Tests Will Be Held Till Aug 31

LU ENTRANCE TEST: DOS & DON'TS

DON'T MISS
- Admit card
- Blue and black ballpoint pen
- ID proof (driving licence, Aadhaar card, passport or voter ID card)
- Transparent water bottle (If required)
- Transparent sanitizer bottle



RULES FOR ENTRY TO THE CAMPUS
- Entry only from gate numbers 2 & 4
- No entry without mask
- Reach exam centre an hour before the scheduled time
- Gadgets, bags, mobile phones are not allowed
- Maintain social distancing while entering examination hall

ENTRANCE TESTS TODAY
- Bachelors in Vocational Studies (renewable energy technology) | 11am-12.30pm
- Bachelors in Journalism and Mass Communication | 3pm-4.30pm

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The entrance for admission to over 4,000 seats in 12 undergraduate courses of Lucknow University will begin from Tuesday and continue till August 31.

On the first day, the entrance for two professional courses: Bachelor in Vocational Studies (BVoc) and Bachelor in Journalism and Mass Communication (BJMC) will be held.

The examination will be held in two shifts: first shift from 11am to 12.30pm where 55 candidates will appear for BVoc entrance while in the second shift — 3pm to 4.30pm — 255 candidates will appear for BJMc entrance.

"The entrance test will be held amid Covid safety protocols. Seating arrangement in the examination hall has been done keeping in mind social distancing. No candidate will be allowed to bring mobile phone, bags and non-transparent water bottles," said admission coordinator Prof Pankaj Mathur.

He said both tests will be held at LU old campus and the candidates will be allowed entry only through gate numbers 2 and 4.

The results of all UG entrance tests are expected in September second week.

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

एलयू में आज से यूजी की प्रवेश परीक्षाएं

स्वतंत्र भारत लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी के यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए मंगलवार से प्रवेश परीक्षाएं शुरु हो रही है। एलयू ने न्यू व ओल्ड दोनों ही कैंपस में एग्जामिनेशन सेंटर बनाएं है। ऑफ लाइन मोड़ से हो रहे इन एग्जाम में विश्वविद्यालय प्रशासन कोविड प्रोटोकाल के सख्त अनुपालन करने का दावा कर रहा है।लखनऊ यूनिवर्सिटी में G एंट्रेंस एग्जाम 24 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित होंगे।वही PG एंट्रेंस के लिए अभी विश्वविद्यालय प्रशासन ने शेड्यूल जारी नहीं किया है।हालांकि कयास लगाए जा रहे हैं कि पहले UG एंट्रेंस एग्जाम संपन्न हो जाएंगे उसके बाद ही पीजी के एंट्रेंस एग्जाम शुरू होंगे। लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक मंगलवार सुबह की शिफ्ट में 11 से 12.30 बजे तक B.Voc और दोपहर 03 से शाम 4.30 बजे तक BJMC के लिए